# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय,
## उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण), सीतापुर।

साई आर्शीवाद भवन, केशव ग्रीन सिटी, N.H. 24 शाहजहाँपुर बाईपास, सीतापुर, e-mail: eeruralsitapur@gmail.com

पत्र संख्याः 6234 / M-16 / 181 दिनांकः 22 /07 /2026

सेवा में,

जिलाधिकारी महोदय,
सीतापुर।

विषयः– **दैनिक समाचार पत्र दैनिक भास्कर में " महमूदाबाद में जल जीवन मिशन की लापरवाहीः पाइपलाइन से हजारों लीटर पानी बर्बाद, अधिकारी बेखबर " शीर्षक से प्रकाशित खबर के सम्बन्ध में।**

महोदय,

कृपया उपरोक्त विषयक दैनिक समाचार पत्र दैनिक भास्कर में " **महमूदाबाद में जल जीवन मिशन की लापरवाहीः पाइपलाइन से हजारों लीटर पानी बर्बाद, अधिकारी बेखबर** " शीर्षक से दिनांक 21.07.2026 को प्रकाशित खबर के सम्बन्ध में सादर अवगत कराना है कि समाचार पत्र में प्रकाशित खबर विकास खण्ड पहला की ग्राम पंचायत सरैया बलदेवसिंह पाइप पेयजल योजना से सम्बन्धित है।

विकास खण्ड पहला की ग्राम पंचायत सरैया बलदेवसिंह पाइप पेयजल योजना का कार्य अनुबन्धित फर्म मेसर्स एन0सी0सी0 लि0 द्वारा कराया गया है। योजनान्तर्गत वर्तमान में जलापूर्ति की जा रही है। स्थानीय ग्रामवासी द्वारा बिना विभागीय अनुमति के निजी कार्य हेतु पाइपलाइन क्षतिग्रस्त कर प्राइवेट प्लास्टिक पाइप लगाकर पानी निकाला जा रहा था, सूचना मिलते ही सम्बन्धित जूनियर इंजीनियर द्वारा तत्काल मौके पर पहुंच कर प्राइवेट पाइप टोटी को निकलवा दिया गया व लीकेज को ठीक करा दिया गया, साथ ही यह भी अवगत कराना है कि स्थानीय निवासी जो पाइप क्षतिग्रस्त कर दिया था उसके परिवार को पूर्व में नल कनेक्शन भी दिया जा चुका है। पुनः ऐसी घटना न करने के लिए अवगत भी करा दिया गया है।

अतः उपरोक्तानुसार आख्या आप महोदय की सेवा में सादर अवलोकनार्थ प्रेषित है।

**संलग्नक– उपरोक्तानुसार।**

भवदीय,

अधिशासी अभियन्ता

पृ0सं0 एवं दिनांक यथोपरिः–

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1– मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण), उ0 प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।
2– अधीक्षण अभिन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।
3– जिला सूचना अधिकारी, सीतापुर को सूचनार्थ प्रेषित।
4–सम्बन्धित सहायक अभियन्ता/जूनियर इंजीनियर।
5– मेसर्स एन0सी0सी0 लि0।

अधिशासी अभियन्ता



Scanned with OKEN Scanner







Scanned with OKEN Scanner